# Result Mitra Daily Magazine

## USA की Secret Service और FBI

### हालिया सन्दर्भ

- पूर्व USA राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जो वर्ष 2024 में USA में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिक पार्टी के उम्मीदवार हैं, को पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी सभा के दौरान थॉमस क्रूक्स नामक युवक ने गोली मारी, जिससे वे घायल हो गए।
- हमलावर को सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने गोली से कर मार डाला।
- सुरक्षा चूक को देखते हुए फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन यानी FBI ने जांच शुरू कर दी है।
- वीडियो एवं सैटेलाइट इमेजरी से पता चला है कि हमलावर आश्चर्यजनक रूप से डोनाल्ड ट्रंप के मंच के काफी करीब थे।
- रिपब्लिकन पार्टी नियंत्रित चैंबर ने सीक्रेट सर्विस एवं होमलैंड सिक्योरिटी विभाग और FBI को इस मामले पर सुनवाई के लिए बुलाया है।

### सीक्रेट सर्विस

- यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्विस की स्थापना 1865 में हुई थी, जो सबसे पुरानी संघीय जांच कानून प्रवर्तन एजेंटीयों में से है।
- प्रारंभ में इसका नाम अमेरिकी मुद्रा की जालसाजी का मुकाबला करना था।
- 1901 में तत्कालीन USA राष्ट्रपति विलियम मैककिनले की हत्या के बाद इसे वर्तमान स्वरूप प्राप्त हुआ।
- वर्ष 1865 में तत्कालीन राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की हत्या हमलावरों द्वारा कर दी गई थी।
- 36 वर्ष के भीतर दो USA राष्ट्रपतियों की हत्या ने पूरे देश को हिला दिया एवं राष्ट्रपति पद की विशिष्टता एवं पद पर मौजूद व्यक्ति की सुरक्षा खतरों को देखते हुए विशिष्ट एजेंसी के रूप में 1902 में सीक्रेट सर्विस ने राष्ट्रपति की सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी संभाली।
- यह होमलैंड सुरक्षा विभाग के अंतर्गत आता है।
- इसमें लगभग 1300 वर्दीधारी एवं 2000 से ज्यादा अन्य तकनीकी एवं पेशेवर कर्मी कार्यरत हैं।



Result Mitra

## सुरक्षा में शामिल लोग

- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति एवं उनके निकट परिवारजन
- पूर्व राष्ट्रपति एवं उनके जीवन साथी, बशर्ते की जीवनसाथी ने दूसरी शादी न की हो।
- पूर्व राष्ट्रपतियों के 16 वर्ष तक के बच्चे
- ट्रंप, पूर्व राष्ट्रपति होने के नाते आजीवन सीक्रेट सर्विस से सुरक्षा पाने के हकदार हैं, बशर्ते कि वे खुद मन न करें।
- इसके अलावा सीक्रेट सर्विस राष्ट्रपति चुनाव के 120 दिन पहले से राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के सभी उम्मीदवारों एवं उनके जीवनसाथियों की रक्षा का दायित्व भी संभालती है।
- उपरोक्त प्रावधान तब जोड़ा गया, जब 1968 में राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार रॉबर्ट कैनेडी की हत्या चुनावी सभा के दौरान कर दी गई थी।
- लोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं सरकार की निरंतरता बनाए रखने के लिए सुरक्षा कवर का विस्तार किया गया।

## दायित्व का निर्वहन

- किसी भी जगह आग्नेयास्त्र ले जाने की शक्ति,
- उचित आधार के तहत किसी को भी बिना वारंट गिरफ्तारी की शक्ति
- संभावित जोखिमों को देखते हुए अग्रिम कार्य करने की शक्ति
- सेवा द्वारा अपने विस्फोटक आयुध निपटान दलों एवं संचार संसाधनों के माध्यम से सीक्रेट सर्विस की सहायता,
- स्थानीय पुलिस द्वारा रैलियों एवं रैली स्थलों की सुरक्षा में सीक्रेट सर्विस की सहायता,
- जरूरत अनुसार, अन्य सीक्रेट सुरक्षा एजेंसियों द्वारा भी सीक्रेट सर्विस की सहायता
- चुनावी रैलियों या अन्य आयोजनों से पूर्व सीक्रेट सर्विस के एजेंट स्थल का बम या अन्य खतरों के लिए स्कैन/जांच करते हैं।
- सभा में प्रवेश पाने वाले लोगों को मेंटल डिटेक्टर से गुजरना होता है।
- सीक्रेट सर्विस के एजेंट लोगों के बैग एवं पर्स भी की भी तलाशी ले सकते हैं। सीक्रेट सर्विस की टीम में काउंटर स्नाइजर समूह एवं काउंटर असॉल्ट समूह भी मौजूद होते हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति, जिनकी हत्या हुई :-

### अब्राहम लिंकन

- 16 वें USA राष्ट्रपति
- 14 अप्रैल (गुड फ्राइडे) 1865 में हत्या
- वॉशिंगटन DC में फोर्ड थिएटर में नाटक देखने गए थे, लिंकन
- जॉन विलक्स द्वारा सिर में गोली मार कर हत्या
- अश्वेत अमेरिकियों को समान मताधिकार देने से नाराज था हमलावर
- अगली सुबह लिंकन की मौत

### जेम्स एवं गारफील्ड

- USA के 20 वें राष्ट्रपति
- पद ग्रहण के 6 महीने की भीतर हमला
- वाशिंगटन DC के बाल्टीमोर एवं पोटोमैक रेल रोड स्टेशन पर हमलावर द्वारा पीठ और कंधे पर मारी गई गोली
- भाषण देने जा रहे राष्ट्रपति

Result Mitra

- हत्यारा चार्ल्स जे गुइटो तत्कालीन उपराष्ट्रपति चेस्टर ए आर्थर का समर्थक था, एवं उन्हें राष्ट्रपति पद पर देखना चाहता था।
- दो महीने बाद सितंबर 1881 (गोली 2 जुलाई 1831 को मारी गई थी) में गारफील्ड की मौत

## विलियम मैककिनले

- USA के 25 वें राष्ट्रपति
- राष्ट्रपति के रूप में दूसरा कार्यकाल
- 6 सितंबर 1901 को न्यूयॉर्क में हत्यारा द्वारा गोली मारी गई।
- लियोन कोजोलग्गेज था हत्यारा
- गोली लगने के 8 दिन बाद मौत
- इस घटना के बाद ही सीक्रेट सर्विस के स्वरूप में परिवर्तन हुआ।

## जॉन एफल कैनेडी

- USA के 35 वें राष्ट्रपति
- पत्नी जैकलीन कैनेडी के साथ खुली कार में सवारी के दौरान हमलावर द्वारा सिर में गोली मारी गई।
- ली हार्वे ओसवाल्ड था हमलावर
- 30 मिनट बाद कैनेडी की मृत्यु
- जल्दबाजी में डलास लव फील्ड (तत्कालीन उपराष्ट्रपति) का राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण

## FBI

- USA के डिपार्मेंट ऑफ जस्टिस की तहत एक एजेंसी
- संघीय आपराधिक जांच इकाई एवं आंतरिक खुफिया एजेंसी दोनों के रूप में कार्यरत
- इनके पास USA संघीय कानून के 200 से ज्यादा अपराध श्रेणियां के तहत कार्य करने का अधिकार प्राप्त है।
- इसका आदर्श वाक्य ईमानदारी बहादुरी एवं अखंडता है।
- स्थापना 26 जुलाई 1908 को तत्कालीन राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट के कार्यकाल में
- स्थापना के समय नाम ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन,
- 1932 में नामकरण यूनाइटेड स्टेट्स ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन
- 1935 में FBI के रूप में स्थापित

## उपराष्ट्रपति USA vs भारत

- दोनों के पद की अवधारणा समान - भारत के उपराष्ट्रपति का पद USA से ही लिया गया है।
- भारत के upper house यानी उच्च सदन राज्यसभा का सभापति उपराष्ट्रपति होता है, वैसे ही USA में भी उपराष्ट्रपति सीनेट (उच्च सदन) का सभापति होता है।
- भारत में राष्ट्रपति की असमय मृत्यु या अन्य कारणों से राष्ट्रपति का पद रिक्त होने पर उपराष्ट्रपति सिर्फ 6 महीने के लिए कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में पद धारण करता है, क्योंकि भारत में 6 महीने के भीतर अनिवार्यतः राष्ट्रपति का नया चुनाव कराना होता है। USA में इस मामले में अलग प्रावधान है।
- राष्ट्रपति की मृत्यु या असमय पद रिक्त होने पर उपराष्ट्रपति शेष बचे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति का पद संभालता है।
- USA के उपराष्ट्रपति, जो राष्ट्रपति बने (राष्ट्रपति पद खाली होने के बाद)

Result Mitra

1.एंड्रयू जॉनसन – 17 वें राष्ट्रपति बने

- अब्राहम लिंकन के राष्ट्रपति कार्यकाल में उपराष्ट्रपति थे।

2. चेस्टर ए आर्थर – 21 वें राष्ट्रपति बने

- जेम्स एवं गारफील्ड के राष्ट्रपति कार्यकाल में उपराष्ट्रपति थे।

3. थियोडोर रूजबेल्ट – 26 वें राष्ट्रपति बने थे,

- विलियम मैककिनले के राष्ट्रपति कार्यकाल में उपराष्ट्रपति थे।
- डलास लव फील्ड – 36 वें राष्ट्रपति बने,
- जॉन एफ कैनेडी के राष्ट्रपति कार्यकाल में उपराष्ट्रपति थे।

Result Mitra